
# ताज की पश्चिमी पार्किंग पर फायरिंग कर भागा आरोपी, सात घंटे के अंदर लखनऊ से गिरफ्तार

## आजमगढ़ का आरोपी पंकज सिंह फायरिंग करने के बाद टैक्सी बदलकर लखनऊ जा पहुंचा था, परिजनों ने बताया मानसिक रोगी






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** ताजमहल के पास हवाई फायरिंग करने की घटना का आगरा पुलिस द्वारा मात्र 07 घण्टे में किया गया सफल अनावरण। पुलिस की सतर्कता, त्वरित निगरानी और कई जिलों की संयुक्त कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि ताज की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। सोमवार 30 जून को ताजमहल देखने आए जनपद आजमगढ़ के सैलानी पंकज सिंह को पश्चिमी गेट पर कार के साथ प्रवेश करने से रोकने पर उसके द्वारा पश्चिमी गेट से करीब 500 मीटर दूर वापस आते हुए सुबह करीब 09.30 बजे हवाई फायरिंग की गयी। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय के निर्देशन में पुलिस आयुक्त दीपक कुमार, द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर घटना के सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस उपायुक्त, कानून व्यवस्था नगर आदित्य कुमार को आवश्यक निर्देश दिये गये श्री आदित्य, अपर पुलिस उपायुक्त, कानून व्यवस्था/नगर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार कार को कब्जे में लेकर कार चालक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। कार चालक गोवर्धन का रहने वाला है, पूछताछ में चालक द्वारा बताया गया कि पंकज ने वृन्दावन से कार को बुक किया गया था तथा यह भी बताया कि पंकज द्वारा ताजमहल के पश्चिमी गेट के पास सड़क पर हवाई फायरिंग की गयी थी तथा कार चालक ने पंकज को एत्माद्दौला क्षेत्र में छोड़ दिया था और पंकज ने एक दूसरी कार को बुक किया था। सीसीटीवी की मदद से आगरा पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी को चेक किया गया, सीसीटीवी की मदद से जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त गाड़ी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर है, इस पर आगरा पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना कन्नौज, उन्?नाव व लखनऊ पुलिस को दी गयी, तीनों जनपदों की पुलिस के सहयोग व आपसी समन्वय से लखनऊ पुलिस के थाना मानकनगर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है । इस व्यक्ति का नाम पंकज कुमार सिंह मूल निवासी जनपद आजमगढ़ है ।

**मानसिक रोगी निकला आरोपी**

पुलिस की पूछताछ में उसके परिजनों वालो से सम्पर्क करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि वह मानसिक रोगी है। और उसका मानसिक इलाज करीब 20 वर्षों से लखनऊ में नूर मंजिल साइकेट्रिक सेंटर में चल रहा है। प्रकरण में आगरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में तत्परता दिखाते हुए मात्र 07 घण्टे के अन्दर घटना का सफल अनावरण कर दिया गया है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# दीवानी के मध्यस्थता केंद्र पर पत्नी ने पति पर की थप्पड़ों की बौछार : मुकदमा दर्ज



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिले की दीवानी अदालत स्थित मध्यस्थता केंद्र आज उस समय विवाद का केंद्र बन गया जब तलाक के मुकदमे को लेकर बातचीत करने पहुंचे दंपति के बीच बात हाथापाई तक पहुंच गई। इसके बाद पत्नी ने पति को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए, जिससे मौके पर मौजूद लोग भी दंग रह गए।

**वकीलों और पुलिस ने बचाया पति को**

घटना के दौरान हंगामा इतना बढ़ गया कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और वकीलों को हस्तक्षेप करना पड़ा। किसी तरह से उन्होंने पति ओपेंद्र को भीड़ से अलग कर सुरक्षित बाहर निकाला। यह पूरा मामला न्यायिक परिसर में होने से चर्चा का विषय बना रहा।

**पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

मैनपुरी जिले के थाना दन्नाहार क्षेत्र के भगपुर गांव निवासी ओपेंद्र ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने योजनाबद्ध तरीके से उसे बुलाकर हमला किया। ओपेंद्र ने थाना न्यू आगरा में तहरीर देकर पत्नी पर हमला करने, गाली-गलौज और मानहानि का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तलाक केस को लेकर थी दोनों में अनबन**

बताया गया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है और पत्नी की ओर से तलाक का केस कोर्ट में दायर किया गया है। उसी सिलसिले में दोनों को मध्यस्थता केंद्र में आमने-सामने बैठाकर काउंसलिंग प्रोसेस चल रही था, लेकिन वहां बात सुलझने के बजाय और बिगड़ गई। घटना के बाद कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा कि अगर न्यायिक परिसर में इस तरह की घटनाएं होंगी तो बाकी पक्षकारों और वकीलों की सुरक्षा पर सवाल उठना लाज़मी है।

# दो अलग हादसों में 6 लोगों की मौत का मामला: किसान सेना ने मृतकों के परिवार को 25 लाख मुआवजे की मांग की, सीएम को भेजा ज्ञापन



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में बीते कल दो अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई थी। थाना फतेहपुर सीकरी के गांव दाउदपुर के मौजा उत्तू में मिट्टी की ढाय गिरने से एक ही परिवार के तीन महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई थी। दूसरी घटना थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांव अकबरा के नगला सपेरा के पास हुई थी। यहां यमुना नदी में बकरी चराते समय दो बच्चे तेज धारा में बह गए। दोनों की डूबने से मौत हो गई थी। इन घटनाओं के बाद किसान सेना ने तहसील किरावली में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन नायब तहसीलदार शुभ्रा अवस्थी को दिया गया। किसान सेना प्रमुख मुकेश डागुर ने कहा कि सभी मृतक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से थे। उन्होंने बताया कि सरकार पहले भी कई हादसों में मृतकों के परिवार की आर्थिक मदद करती रही है। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार हर मृतक के परिवार को 25 लाख रुपए की सहायता दे। ज्ञापन देने वालों में थान सिंह प्रधान, रामकुमार प्रधान, उदय सिंह नेता, बच्चू सिंह सोलंकी, लाला इन्दौलिया, चरण सिंह कुंतल समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त हुए एक एसीपी सहित 13 पुलिसकर्मियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पुलिस कमिश्नरेट आगरा से सेवानिवृत्त हो रहे 01 सहायक पुलिस आयुक्त, 05 उपनिरीक्षक, 06 मुख्य आरक्षी, 01 उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक एवं 01 फालवर के सम्मान में पुलिस लाइन्स आगरा में आयोजित किया गया एक भव्य और यादगार विदाई कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त, पूर्वी मुख्यालय सैयद अली अब्बास एवं सहायक पुलिस आयुक्त, हरीपर्वत/लाइन्स विनायक भोंसले द्वारा शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी.... आज 30 जून.2025 को पुलिस उपायुक्त, पूर्वी।मुख्यालय सैयद अली अब्बास एवं सहायक पुलिस आयुक्त, हरीर्वपत/लाइन्स विनायक भोंसले की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने एवं स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहे 01 सहायक पुलिस आयुक्त, 05 उपनिरीक्षक, 06 मुख्य आरक्षी (05 अधिवर्षता एवं 01 स्वेच्छा), 01 उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक एवं 01 फालवर के सम्मान में पुलिस लाइन्स आगरा में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया एवं पुलिस विभाग में उनके योगदान, समर्पण एवं निष्ठा को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस उपायुक्त, पूर्वी मुख्यालय सैयद अली अब्बास एवं सहायक पुलिस आयुक्त, हरीर्वपत/लाइन्स विनायक भोसले द्वारा शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस सेवा में उनकी वर्षों की तपस्या, अनुशासन, परिश्रम और कर्तव्यपरायणता की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावनाओं से भर उठा, जब सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं सहकर्मियों द्वारा साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया गया। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की आंखें भावुकता से नम हो उठीं, उन्होंने अपने अनुभवों को स्मरण करते हुए पुलिस विभाग से प्राप्त दायित्वों, अनुशासन और सम्मान को अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त, पूर्वी।मुख्यालय द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ÷आप सभी ने अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से पुलिस सेवा को गौरवान्वित किया है। आपकी मेहनत और समर्पण पुलिस विभाग के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगी÷ उन्होंने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ, सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की और आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग हमेशा उनके योगदान को स्मरण रखेगा। आपका सेवा-काल अनुकरणीय रहा, पुलिस परिवार आपके योगदान को सदैव सम्मान और गर्व से स्मरण करेगा। सेवानिवृत्त होने वाले पलिस अधिकारी/कर्मचारीगण में श्री पोसी राम शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा श्री मुन्ना लाल उपनिरीक्षक ना0पु0, कमिश्नरेट आगरा श्री राम रक्षपाल सिंह उपनिरीक्षक ना0पु0, कमिश्नरेट आगरा व श्री शिव शंकर रिछारिया उपनिरीक्षक ना0पु0, कमिश्नरेट आगरा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पिढौरा क्षेत्र के माता मंदिर में सेंध : 20 पीतल के घंटे और दानपेटी चोरी, श्रद्धालु स्तब्ध




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना पिढौरा क्षेत्र के बलाई गांव के समीप स्थित प्राचीन बला देवी मंदिर को अज्ञात चोरों ने बीती रात निशाना बना डाला। चोर मंदिर से पीतल के हेवी 20 घंटे, एक दानपेटी और अन्य धार्मिक सामान चुराकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह उस वक्त हुई जब मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना के लिए पुजारी उत्तम सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल रोजाना के तरह पहुंचे। मंदिर का मुख्य द्वार टूटा हुआ देख पुजारी उत्तम सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार यह मंदिर वर्षों पुराना है और श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। पुलिस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल कर रही है। मंदिर समिति ने आशंका जताई है कि चोर किसी प्री-प्लान्ड गैंग का हिस्सा हो सकते हैं, जो विशेष तौर पर ऐसे सुनसान धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते हैं। मंदिर के पुजारी उत्तम सिंह के मुताबिक मंदिर से चोर मंदिर से करीब 101 किलो वजन के बीस पीतल के घंटे और मंदिर में रखी दानपेटी को चोरी कर ले गए।जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया नकद दान रखा हुआ था। पिढौरा थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि मंदिर गांव से बाहर स्थित है और पुजारी रोजाना शाम 7 बजे के बाद मंदिर बंद कर चले जाते हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने का दावा किया गया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है और मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की अपील की है।

# दो साल की मासूम गर्म पानी के भगौने में गिरने से बुरी तरह झुलसी, किशोर को पोल से लगा करंट

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव सवारदास का पुरा में परिजनों की लापरवाही के कारण दो साल की एक मासूम बालिका बुरी तरह झुलस गई है। यह बालिका खेलते-खेलते चूल्हे के पास जा पहुंची और चूल्हे पर भगौने में खौलते गर्म पानी में गिरने से बुरी तरह झुलस गई है। बालिका को इलाज के लिए आगरा लाया गया है। इसी प्रकार थाना बसई अरेला क्षेत्र में घटी एक घटना में कूड़ा बीनते 12 साल के एक किशोर को विद्युत पोल से छू जाने की वजह से तीव्र करंट लगा, लेकिन उसकी जान बच गई।

**गर्म पानी के भगौने में में गिरने से झुलसी मासूम**

थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव सवालदास का पुरा में दो वर्षीय मासूम बच्ची उस समय गंभीर रूप से झुलस गई, जब वह आंगन में खेलते हुए चूल्हे पर रखे भगोने में जा गिरी। भगौन में गर्म पानी से उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। बच्ची की यह हालत देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे एसएन मेडिकल कलेज के लिए रेफर कर दिया। बच्ची का इलाज आगरा में चल रहा है।

**विद्युत करंट की चपेट में आया किशोर**

थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव अरनोटा के पास उस समय हड़कंप मच गया जब 12 वर्षीय एक किशोर कबाड़ा बीनते समय विद्युत पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। किशोर की चीख सुनकर ग्रामीण दौड़े और लकड़ी के सहारे उसे पोल से अलग किया। बचाव के बाद ग्रामीणों ने किशोर को होश में लाने की कोशिश की। इसके बाद उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण कई विद्युत पोलों में करंट दौड़ रहा है, जिससे जन सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बिजली विभाग की लापरवाही पर भी लोगों ने नाराजगी जताई है।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव: घर के बाहर लगा था ताला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक चंद्रेश का शव रविवार रात को घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा कि चंद्रेश के भाई बहोरन पर घर के बाहर जानलेवा हमला हुआ था। 29 दिन बाद भी पुलिस ने एक भी आरोपी गिरफ्तार नहीं किया। उल्टा उनके घर में दबिश देकर धमकाया। दहशत में परिवार दूसरी जगह रहने लगा। चंद्रेश घर में ही रुका हुआ था। मामले में पुलिस जांच कर रही है। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के राकेश नगर निवासी बहोरन सिंह ने बताया कि 1 जून को वह घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी मोनू सविता और अमित यादव आए। उन्होंने हाथों में तमंचे लिए थे। दोनों ने फायर किए। अमित यादव का फायर मिस हो गया। हमलावरों के साथ रेती यादव सहित कई युवक और भी थे। उन्होंने घर में छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। बहोरन सिंह का आरोप है कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मगर, अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया। 20 जून को पुलिस ने उनके घर में दबिश दी। पुलिस उनके परिचित लवकुश की तलाश में आई थी। वह उनके घर में रहने आया था। वह जा चुका था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनके परिवार को धमकाया। दहशत की वजह से पूरा परिवार सिकंदरा क्षेत्र में रहने चला गया। मगर, छोटा भाई चंद्रेश घर में सोने के लिए आ जाता था। दो दिन से वह उनसे मिलने नहीं आया। इस पर बहन ममता घर आई। उसे गेट पर ताला लगा मिला। वह ताला खोलकर अंदर गई तो देखा कि चंद्रेश कमरे में फंदे पर लटका हुआ है। उसकी चीख निकल गई। जानकारी पर परिजन आ गए। उन्होंने कहा कि नामजद आरोपियों ने हत्या कर शव लटकाया है। घटना के बाद से कुछ पुलिसकर्मियों पर भी उत्पीड़न के आरोप लगाए।

**शव दो दिन पुराना**

एसीपी छत्ता पीयूष कांत राय ने बताया कि शव दो दिन पुराना लग रहा है। फंदे पर लटका हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। पूर्व में वांछित अभियुक्त का मृतक के घर पर उठना बैठना था। इस वजह से पुलिस गई थी। मगर, वो नहीं मिला था। बाद में मृतक के परिवार के लोग घर छोड़कर चले गए थे। परिजन के आरोप की जांच की जाएगी।

# जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता

## किसानों को मांग के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएगी डीएपी, तहसील अतरौली के नवीन डडार अलूपुरा, नवीन नौगवां एवं सांकरा समितियों पर डीएपी की आपूर्ति पूरी, अतरौली (दक्षिण) समिति द्वारा भुगतान पूर्ण जल्द होगी आपूर्ति

**अलीगढ़।** जिले के कृषकों की फसल उत्पादन आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए डीएपी की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता नागेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि तहसील अतरौली में 1 अप्रैल 2025 से अब तक कुल 782.250 मैट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक की आपूर्ति की जा चुकी है, जिसमें इफको डीएपी 657.250 मैट्रिक टन एवं इफको एनपीकेएस 125.000 मैट्रिक टन शामिल हैं। 26 जून को अतरौली तहसील की सहकारी समितियों- अतरौली (दक्षिण), नवीन डडार अलूपुरा, नवीन नौगवां एवं सांकरा को डीएपी का आवंटन किया गया था। नवीन डडार अलूपुरा, नवीन नौगवां एवं सांकरा समितियों पर डीएपी की आपूर्ति पूरी कर दी गई है, जिससे कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सहकारी समितियों से डीएपी प्राप्त कर सकते हैं। अतरौली (दक्षिण) समिति के सचिव द्वारा डीएपी के लिए आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है और निकट भविष्य में वहां भी डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी सहकारी समितियों पर उर्वरक का वितरण कृषकों के आधार कार्ड व खतौनी के अनुसार पॉस मशीन के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। टोकन प्रणाली के तहत क्रमानुसार डीएपी का वितरण सुनिश्चित किया गया है, ताकि सभी पात्र कृषकों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके। समितियों द्वारा वितरित फॉस्फेटिक उर्वरक पर न तो कोई अतिरिक्त मूल्य लिया जा रहा है और न ही जबरन कोई अन्य उत्पाद कृषकों को दिया जा रहा है। गौरतलब है कि समितियों से केवल इफको एवं कृभको के उर्वरक ही विक्रय किए जाते हैं। साथ ही इफको द्वारा निर्मित नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी भी कृषकों को उनकी मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है।

एआर कॉपरेटिव ने कृषकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें एवं उर्वरक वितरण संबंधी जानकारी के लिए संबंधित सहकारी समिति से ही संपर्क करें। प्रशासन कृषकों को समुचित मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# दूध में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावटखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई है। विगत 25.10.2024, 05.12.2024 और 04.03.2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सहजपुरा स्थित प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर दूध के नमूने संग्रहित किए थे। इन नमूनों की जांच खाद्य प्रयोगशाला में कराई गई, जिसमें दो नमूने अमानक व अशुद्ध और एक नमूना अधोमानक पाया गया। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट के अनुसार 2 नमूनों में अमानकता व अशुद्धता और 1 नमूने में अधोमानकता की पुष्टि हुई। जबकि मिश्रित दूध के एक अन्य नमूने की रिपोर्ट अभी लंबित है। अमानक और अशुद्ध नमूनों की रिपोर्ट मिलने के बाद प्रकरण को न्यायालय (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) में प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत वाद न्याय निर्णय अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के न्यायालय द्वारा सुनवाई में हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-32 (3) के अंतर्गत संबंधित प्रतिष्ठान के खाद्य कारोबारी का खाद्य लाइसेंस संख्या 12722056001346 निरस्त किये जा चुके हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित व सतत प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है, जिससे भविष्य में भी मिलावटखोरी पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावट या गुणवत्ता में कमी की सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अन्य जिलों से भी समन्वय बनाते हुए सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का उद्देश्य आमजन को शुद्ध, सुरक्षित और मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

# 02 जुलाई को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित

**आगरा।** कैप्टन (नौसेना), अ0प्रा0 जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी श्री सुनील कुमार ने अवगत कराया है तहसील-बाह क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक / विधवायें / वीर नारी एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का भ्रमण का कार्यक्रम दिनॉक 02 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11ः30 बजे प्रस्तावित है, जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अपनी टीम के साथ तहसील में उपस्थित रहेगी। इस कार्यालय से दी जा रही सभी सेवायें प्राप्त कर सकते है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि इस अवसर लाभ उठायें।

# तहसील इगलास में मत्स्य पालन पट्टा आवंटन 15 जुलाई को

**अलीगढ़।** उप जिलाधिकारी इगलास पारितोष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व साधारण को बताया है कि तहसील इगलास के विभिन्न ग्रामों के 103 तालाबों को मत्स्य पालन के लिए आगामी 10 वर्षों के लिये पट्टा शिविर का आयोजन 15 जुलाई 2025 एवं लक्ष्य पूर्ति तक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को प्रातः 11 बजे से तहसील सभा कक्ष में तहसीलदार इगलास की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पट्टा आवंटन 2500-5000 रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से किया जाएगा एवं 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के तालाब/पोखर पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को 10 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से आवंटित किये जाएंगे। उन्होंने बताया तहसील इगलास के ग्राम पीपली, मोती, नगला सवल (गोंडा), नगला विरखू, नगला जगदेव, चूहरपुर किनवासा, वलीपुर, बड़ा खुर्द, श्यामगढ़ी, शाहपुर ठठोई, यकताजपुर, खेड़िया गुरूदेव, ढ़ांटोली, ढ़ाड, ऊसरपुर तारापुर, इगलास, वृषभानपुर, बढ़ाकलां, बहादुरपुर, बसई (गोरई), कारौली सूरजा, कारस, कैमथल, कैमावली, कजरौठ, कनौरा, कूपरा, कलींजरी, महदौरा, माकरौल, माती, मोहकमपुर, बिचौला, सिकुर्रा, सिकन्दरपुर, बिसाहुली, हरौथा, हैवतपुर, भौरा गौरवा, भैया, पांयदापुर, पचहरा, रामपुर (हसनगढ़), रजावल, सीतापुर, सतलौनी खुर्द, सतरौली कलां, उडम्बरा, छैछऊ, व्यौहरा, बक्सा गिंदौरा, तरसारा, तेहरा, जैथोली, नया बांस, नगला कुंजी, नगला कलुआ बेलौठ, नगला दरवर, नगला जोतू, नगला नहचला, टमोटिया, असरोई, अजाहरी, गढ़ी बूचा, गोरई, गान्धी ग्राम, मुरसैना एवं लधौली के तालाबों को मत्स्य पालन के लिए आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र के साथ 15 जुलाई को आयोजित होने वाले शिविर के साथ ही लक्ष्य आपूर्ति तक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक तहसील इगलास सभाकक्ष में अपना आवेदन कर सकते हैं। अपरान्ह 02 बजे के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके भीतर आत्मविश्वास और साहस का संचार करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में प्रशिक्षित कोच द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहारिक तकनीकों के साथ जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएं ताकि छात्राएं किसी भी आपात स्थिति में सशक्त और सजग रह सकें। डीएम श्री रंजन ने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने पर बल देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बेटियां न केवल खुद की रक्षा करना सीखेंगी, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर एक मजबूत संदेश भी जाएगा। एडीआईओएस राजकिशोर ने बताया कि जिले के सभी 34 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को तीन माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन 40 मिनट होगी जिसमें छात्राओं को प्रशिक्षण की सैद्धांतिक जानकारी कक्षाकक्ष में और कौशलात्मक प्रशिक्षण मैदान में दिया जाएगा। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षकों के चयन के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। बैठक में प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता, प्रशिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालय स्तर पर समयबद्ध कार्यक्रम संचालन, रिपोर्टिंग व्यवस्था और छात्राओं एवं अभिभावकों को जागरूक करने संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर सीडीओ, एसपी ट्रैफिक, महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहीं।



# आर्य समाज ने सर्वसमाज के मेधावियों को एक सूत्र में पिरोया: 250 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** आर्य वीर दल एवं आर्य वीरांगना दल, आगरा द्वारा जयपुर हाउस स्थित आर्य समाज मंदिर में सर्वसमाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आगरा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के उन 250 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं (CBSE, ICSE और यूपी बोर्ड) में 78 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. देवी सिंह नरवार (वरिष्ठ शिक्षाविद) ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आर्य समाज द्वारा विभिन्न संप्रदायों के मेधावियों को एक मंच पर सम्मानित करना न केवल अनुकरणीय है, बल्कि सामाजिक समरसता की दिशा में एक ठोस पहल भी है। यदि हर संगठन केवल अपने ही समुदाय तक सीमित रहेगा, तो वंचित वर्गों को अवसर कौन देगा? यह आयोजन अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।÷ संचालक वीरेंद्र कनवर ने जानकारी दी कि इस समारोह में विद्यार्थियों के चयन का आधार केवल अंक प्रतिशत था, न कि उनकी जाति या धर्म। यह आयोजन आर्य समाज के सर्वसमावेशी दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो ज्ञान और मूल्यनिष्ठा को सर्वोपरि मानता है। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं वैदिक साहित्य उपहारस्वरूप प्रदान किए गए। सम्मानित करने वालों में सीए मनोज खुराना, आर्यरत्न उमेश कुलश्रेष्ठ एवं डॉ. देवी सिंह नरवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुज आर्य (मंत्री), राकेश तिवारी (कोषाध्यक्ष), प्रेमा कनवर (संचालिका), अश्वनी आर्य, सुधीर अग्रवाल, सुमन कुलश्रेष्ठ, अभय यादव (शिक्षक एवं उपमंत्री, आर्य वीर दल आगरा), प्रदीप डेमला, अन्नपूर्णा शर्मा, वेद सिंधु, विवेक त्रिगुनायक, अर्जुन देव महाजन, अश्वनी डेमला सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे?।

# उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जीएसटी अपर आयुक्त पंकज गांधी से की मुलाकात, किया स्वागत



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष श्री गिर्राज अग्रवाल के नेतृत्व में जीएसटी अपर आयुक्त (ग्रेड-1) श्री पंकज गांधी जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर व्यापार मंडल द्वारा श्री गांधी का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक के दौरान व्यापारियों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। श्री पंकज गांधी ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि भविष्य में यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने व्यापारियों की सुविधा हेतु अपना संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में जिला अध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, प्रदेश मंत्री दीपक शर्मा, सुनील जैन, किशोर बुधरानी, मेघराज दियालानी अनुराग गोयल, विशाल बंसल, सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजकुमार गुरनानी ने बैठक के सकारात्मक परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद व्यापारियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# रेलवे पुलिया पर जलभराव: किसानों का ऐलान, दो दिन में समाधान नहीं तो डीआरएम ऑफिस पर होगा धरना

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** तहसील एत्मादपुर के भागूपुर रोड से धौर्रा रोड पर स्थित रेलवे ट्रैक की पुलिया में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल से मिला। जिला अध्यक्ष राजवीर लवानिया के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम कार्यालय में अधिकारियों को जमकर घेरा और दो टूक कहा कि यदि दो दिन में समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो डीआरएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने सवाल उठाया कि ÷रेलवे विभाग किसान संगठन के फोन तक नहीं उठाता।÷ इस पर डीआरएम ने सफाई देते हुए कहा कि वे मीटिंग में होने के कारण कॉल नहीं रिसीव कर सके, लेकिन अब संवाद बनाए रखेंगे। मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह चाहर ने रेलवे प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पुलिया में जलभराव के कारण हजारों ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं को रोजाना जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। कई बार लोग फिसलकर घायल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, ÷अब आर-पार की लड़ाई होगी।÷ युवा प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष विपिन यादव ने बताया कि इस रास्ते से जुड़े 100 से ज्यादा गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। यह संपर्क मार्ग पूरी तरह ठप पड़ा है। भाकियू के सुझाव पर पुलिया पर दो फुट गिट्टी डालने, नाली या रिचार्ज पिट की व्यवस्था से समस्या के स्थायी समाधान की बात कही गई। डीआरएम ने दो दिन का समय मांगा और समाधान का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में बाबा मानसिंह, किशनवीर सिंह, रविंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, पंकज यादव, अभिषेक तरोलिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आगरा मंडल में माह जून -2025 में 32 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को समापन भुगतान प्रपत्र व गोल्ड प्लेटिड सिल्वर मेडल प्रदान किए गए

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** श्री तेज प्रकाश अग्रवाल, मण्डल रेल प्रबंधक आगरा के दिशानिर्देशन एवं श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा की अध्यक्षता में आगरा मण्डल में दिनाँक 30.06.2025 को सेवानिवृत्त होने वाले 32 रेल कर्मचारियों को समापन भुगतान प्रपत्र, सेवा प्रमाणपत्र व मेडल वितरण हेतु समापन समारोह का आयोजन मंडल कार्यालय आगरा के गोवर्धन सभागार में किया गया। आगरा मण्डल में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को हृश्वस्न्रञ्ज के माध्यम से समापन भुगतान किया गया एवं सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को आन लाइन पेंशन पेमेंट आर्डर जारी किये गये। समारोह का उद्घाटन श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा के द्वारा अपने उद्घाटन भाषण से किया गया एवं उनके द्वारा सभी सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्ति पर देय सेवा प्रमाण पत्र, पेंशन पेमेंट आर्डर एवं मेडल वितरण करने के उपरान्त श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा के द्वारा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को भारतीय रेल में उनकी लम्बी अवधि की सफलतम सेवा के लिये बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को विदाई देते हुए उनको एवं उनके परिवारों के सुखद व मंगलमय भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त भी वे रेल परिवार का हिस्सा रहेंगे। उक्त समारोह में समापन अनुभाग के सभी सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# कैंटर-कंटेनर में भिड़ंत, एक की मौत : ग्वालियर हाईवे पर हुआ हादसा, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**कैंटर चालक को अचानक से नींद की झपकी लग गई, इससे कैंटर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई**





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के ग्वालियर हाईवे स्थित सैंया के पास कैंटर और कंटेनर में भिड़ंत हो गई। हादसे में कंटेनर चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि कैंटर चालक और कैंटर में बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सैंया पर भेजा, जहां से एसएन हॉस्पिटल आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। घटना रविवार सुबह करीब 6 बजे की है। धौलपुर की ओर से कैंटर आ रहा था। तभी सैंया पहुंचने पर चालक को नींद की झपकी लग गई। इससे कैंटर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आगरा की ओर से आ रहे कंटेनर से टकरा गया। हादसे में कंटेनर चालक लाखन पुत्र बलराम उम्र 42 वर्ष निवासी देवरी हेनोना मध्य प्रदेश, कैंटर चालक रूप सिंह निवासी शारदा नगर चुंगी थाना यमुना नगर आगरा, दिनेश निवासी गांव भट्टा झांसी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही सैंया पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी सैयां लाया गया। घायलों को उपचार देकर एसएन आगरा के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान कंटेनर चालक लाखन पुत्र बलराम की मौत हो गई।

# खंदौली आ रहे हैं तो साथ लाएं हेलमेट और नाव, हाइवे पर कीचड और जलभराव

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बरसात के चलते खंदौली में जलमग्न हुई आगरा अलीगढ हाइवे महीनो बीतने के बावजूद सड़कों से बरसात के पानी निकासी नहीं हो पाई है। भारतीय किसान यूनियन के गिर्राज सिंह नौहवार उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री, मनीष पंडित ने सोमवार को नेशनल हाइवे पर जलभराव को लेकर कहा की अगर आप पैदल आ रहे हो तो हेलमेट पहनकर आए क्योंकि सड़क पर कीचड़ इतनी है की अगर आप फिसल गए तो आपका सिर चोटिल होना तय है। नाव इसलिए की सड़क पार करने के लिए आपको नाव में बैठाकर पार कराया जायेगा। नाव की व्यवस्था का लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया बरसात में सडकें तालाब में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एसी कमरों में बैठकर विकास की बातें करने वाले मंत्री-विधायक-ब्लॉक प्रमुख को हाइवे के अधिकारियों को इसकी बदहाली क्यों नजर नहीं आती। सड़कों के नाम पर गड्ढे बने हुए हैं और यह हाल कोई आम सड़क का नहीं है नेशनल हाइवे का है। जनता ने जिस उम्मीद से भाजपा को सत्ता सौंपी थी,आज जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। सड़क पार करने के लिए हमने लोगो को नाव का भरोसा दिलाया है। एक तारीख से स्कूल खुल जायेंगे तो वो बच्चो के भी काम आएगी।



# अपहरण हुए बच्चे को मात्र 24 में किया सकुशल बरामद, परिजनों को किया सुपुर्द



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना बासौनी पुलिस टीम द्वारा अपहरण हुये किशोर को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया 29 जून को महिला श्रीमती सावित्री द्वारा थाना बासौनी पर तहरीर दी गयी कि 28 जून को उसका नाबालिक पुत्र घर के बाहर खेल रहा था। जिसे बच्चू पुत्र मुन्नालाल बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया। पीड़िता व उसके परिवारीजनों द्वारा काफी तलाश करने पर कोई जानकारी नही मिली। व उक्त द्वारा उसके फोन पर फोन कर उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गयी। जिस सम्बन्ध में थाना बासौनी पर धारा 140(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना बासौनी पुलिस टीम द्वारा अपहर्त की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों को गठन किया गया। 30 जून को थाना बासौनी पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये कन्ट्रोल रूम, लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी आदि सूचना के विभिन्न माध्यमों द्वारा अथक प्रयास करते अपहर्त किशोर को ग्राम कुवर खेडा स्थित मठी माता मन्दिर के पास से सकुशल बरामद कर, परिवारीजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी बासौनी सोहनपाल चौधरी उप निरीक्षक विशाल कुमार उप निरीक्षक हितेश कुमार कास्टेबल विक्रात कुमार शामिल रहे।

# विवाहिता की हत्या के मामले में संलिप्त उसके ससुर को किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना शमशाबाद पुलिस टीम द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर हुयी युवती की मृत्यु सम्बन्धी प्रकरण में संलिप्त (मृतिका के ससुर) को किया गिरफ्तार 22 अप्रैल 2025 को पीड़ित श्री गोपाल सिह द्वारा थाना शमशाबाद पर तहरीर दी गयी कि उसने अपनी पुत्री की शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार 01 मार्च.2025 को सोनू पुत्र प्रकाशीराम निवासी झारपुरा के साथ की थी। शादी के बाद ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज का मांग को लेकर उसकी पुत्री को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा। 21 अप्रैल.2025 को उसकी पुत्री की अतिरिक्त दहेज की मांग के चलते हत्या कर दी गयी। जिस सम्बन्ध मे थाना शमशाबाद पर धारा 85/80(2)/238 बीएनएस व 3/4 दहेज एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा थाना शमशाबाद पर पुलिस टीमों का गठन किया गया इसी क्रम में सोमवार को थाना शमशाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी। दौराने चैकिंग पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्ता(मृतिका का ससुर) प्रकाशीराम पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम झारपुरा थाना शमशाबाद धिमश्री पेट्रोल पम्प के पास खडा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये अभियुक्त (मृतिका के ससुर) प्रकाशीराम को धिमश्री पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर शमशाबाद हंसराज भदौरिया एसआई कुवंरपाल सिंह कास्टेबल सत्यम कुमार शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में ग्राम प्रधान को पीटा: दो पक्षों में जमकर हुआ पथराव लाठी-डंडे चले, 6 लोग घायल; 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद के थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर हो रहे विवाद में बीच बचाव करने पहुंचे ग्राम प्रधान को ही पीट दिया गया। मारपीट में ग्राम प्रधान गंभीर घायल हो गया। दरअसल गांव में पैत्रिक जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि दूसरा पक्ष इकट्ठा होकर जमीन पर दीवार लगाना चाह रहा था। ग्राम प्रधान पक्ष ने इस बात का विरोध किया तो मामले ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते लाठी डंडे सरिया निकल आए और जमकर मारपीट होने लगी, इस दौरान पथराव भी हुआ। जिसमें दोनों पक्षों से तकरीबन 6 लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक, थाना शमशाबाद क्षेत्र के बड़ोवरा खुर्द गांव में वर्तमान प्रधान गया प्रसाद कुशवाहा पक्ष से उसके पड़ोस में ही रहने वाले दूसरे पक्ष केशव से जमीन पर दीवार लगाने को लेकर विवाद हो गया। प्रधान पक्ष का आरोप है के दूसरा पक्ष जबरदस्ती उनके पैतृक जमीन पर कब्जा करना चाह रहा था। इसी का विरोध किया तो दूसरे पक्ष से तकरीबन एक दर्जन लोग इकट्ठा होकर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे, प्रधान ग्याप्रसाद जब बीच बचाव करने पहुंचा तो उसे पर भी हमला बोल दिया। मामले में पुलिस ने प्रधान गया प्रसाद की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया है।इंस्पेक्टर शमशाबाद हंसराज भदोरिया ने बताया- जमीनी विवाद में हुए झगड़े के मामले में प्रधान की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल को भेजा गया है। फिलहाल गांव में शांति का माहौल है।

# आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. दुर्गेन्द्र सिंह को तोछीगढ़ में दी गई भावभीनी विदाई



**अलीगढ़।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तोछीगढ़ में तैनात वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. दुर्गेन्द्र सिंह का स्थानांतरण फिरोजाबाद के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में हो जाने के उपरांत चिकित्सालय के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्रीय ग्रामवासियों द्वारा एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई अवसर पर चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों ने डॉ. दुर्गेन्द्र सिंह के सेवाकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं उनके मरीजों के प्रति समर्पण भाव की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सिंह ने तोछीगढ़ क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सा को सुलभ एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सीमित संसाधनों में भी मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया, जिससे गांव-गांव तक आयुर्वेद के प्रति विश्वास मजबूत हुआ। विदाई समारोह में चिकित्सा अधीक्षक, आयुष विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

सभी ने डॉ. सिंह को उनके नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. दुर्गेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में तोछीगढ़ के लोगों के सहयोग, प्रेम और स्नेह के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि तोछीगढ़ में बिताए गए कार्यकाल के अनुभवों को वे हमेशा अपने दिल में संजोकर रखेंगे और अपने सेवाकाल में आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों को लगातार जारी रखेंगे।

कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने डॉ. सिंह को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कई लोगों की आंखें नम दिखीं और पूरे वातावरण में भावुकता का माहौल रहा।

# एत्मादपुर में अर्टिगा कार ने दो बाइक को मारी टक्कर: रिटायर्ड होमगार्ड की मौत, पिता-पुत्र घायल; कार चालक फरार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिलीपखोर के पास सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे एक सड़क हादसा हुआ। दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन लोगों को सामने से आ रही अर्टिगा कार ने टक्कर मार दी। हादसे में रिटायर्ड होमगार्ड चंद्रपाल (पुत्र शिवराम) की मौके पर ही मौत हो गई। चंद्रपाल संत विनोवा नगर कोतवाली सादाबाद के रहने वाले थे। वह एक माह पहले ही होमगार्ड के पद से रिटायर हुए थे और आगरा में किसी काम से जा रहे थे। थाना खंदौली के रामनगर निवासी ब्रजेश (पुत्र रम्बो) और उनके बेटे जीतू गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार बहुत तेज गति से आ रही थी और चालक ने संतुलन खो दिया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। फरार कार चालक की तलाश जारी है।

# बीहड़ में तेंदुए ने गाय पर किया हमला :गहरे गड्ढे में गिरी, चरवाहों ने भगाया तेंदुआ, रस्सियों से गाय को निकाला

**चंबल के बीहड़ में तेंदुए का कहर: गाय पर हमला, चरवाहों ने खदेड़कर बचाई जान**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** चंबल के बीहड़ों में उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने पलोखरा गांव के पास खुले में चर रही गाय पर अचानक हमला बोल दिया। यह घटना थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के अंतर्गत चंबल बीहड़ इलाके की है। चरवाहों की सूझबूझ और बहादुरी से गाय की जान बच गई। बताया गया कि गाय जंगल किनारे चर रही थी, तभी झाड़ियों में छिपा तेंदुआ अचानक झपटा। तेंदुए के अचानक हमले की वजह से गाय फिसलती हुई नीचे खाई में जा गिरी। इससे गाय को गंभीर चोटें भी आई हैं। गाय के खाई में गिरने के बाद भी तेंदुआ हमलावर था। पास ही मौजूद चरवाहों ने अपने लाठी-डंडों से तेंदुए को खदेड़ दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे अन्य ग्रामीणों की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद रस्सियों और लकड़ी की मदद से गाय को खाई से निकाला गया। गाय के शरीर पर तेंदुए पंजों और दांतों के गहरे जख्म पाए गए। प्राथमिक उपचार के लिए उसे नजदीकी पशु चिकित्सालय ले जाया गया।

**वन विभाग को भी दी गई सूचना**

इस घटना के बाद से क्षेत्र में तेंदुए को लेकर भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ पहले भी मवेशियों पर हमला कर चुका है लेकिन पहली बार दिन में गांव के इतने नजदीक आ गया। वन विभाग को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अब तक मौके पर कोई टीम नहीं पहुंची है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि बीहड़ क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए नियमित गश्त और सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएं।

